भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं 1460**
13.02.2025 को उत्तर देने के लिए

## केरल में मेगा फूड पार्कों की स्थापना

**1460. श्री के. सी. वेणुगोपाल:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** देश में वर्तमान में चल रहे मेगा फूड पार्कों की संख्या कितनी है और इन पार्कों में अब तक कुल कितना निवेश किया गया है;

**(ख)** क्या केरल में कृषि आधारित और समुद्री खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की उच्च संभावना को देखते हुए वहां अतिरिक्त मेगा फूड पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ग)** सरकार द्वारा देश भर में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उन्नत खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के उपयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं; और

**(घ)** क्या सरकार मेगा फूड पार्कों की मूल्य श्रृंखला में किसानों और लघु उद्योगों को एकीकृत करने के लिए की गई पहलों का ब्यौरा उपलब्ध कराएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** मंत्रालय ने देश में 41 मेगा फूड पार्क (एमएफपी) को मंजूरी दी है। इनमें से 24 एमएफपी वर्तमान में चालू हैं, जिनकी कुल परियोजना लागत 2778.79 करोड़ रुपए है। इन चालू एमएफपी का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ख):** मंत्रालय ने मेगा फूड पार्क योजना के अंतर्गत केरल राज्य में 2 एमएफपी को मंजूरी दी है। ये परियोजनाएं चालू हैं। केरल में अतिरिक्त मेगा फूड पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि सरकार ने 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान प्रतिबद्ध देनदारियों के प्रावधान के साथ 01.04.2021 से एमएफपी योजना को बंद कर दिया गया है।

**(ग)**: खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अवसंरचना के निर्माण, बिक्री आधारित प्रोत्साहनों के अनुदान, क्षमता विस्तार और अन्य सहायक उपायों के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं लागू कर रहा है। ये योजनाएं हैं: प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना, और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई)। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निरंतर सुधार को बढ़ावा देने के लिए, अनुसंधान और विकास

योजना को लागू कर रहा है, जो मंत्रालय की अम्ब्रेला योजना यानी प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत मानव संसाधन और संस्थान योजना का एक हिस्सा है। इस योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालयों, केंद्र/राज्य सरकार के संस्थानों, आईआईटी सहित सरकारी वित्तपोषित संगठनों, अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं और निजी क्षेत्र में सीएसआईआर-मान्यता प्राप्त अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता दी जाती है ताकि उत्पाद एवं प्रक्रिया विकास, उपकरणों के डिजाइन और विकास, बेहतर भंडारण, शेल्फ-लाइफ, पैकेजिंग आदि के लिए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में मांग आधारित अनुसंधान एवं विकास कार्य को बढ़ावा दिया जा सके।

**(घ):** मेगा फूड पार्क (एमएफपी) हब और स्पोक्स मॉडल पर आधारित क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण के साथ खेत से बाज़ार तक मूल्य शृंखला के साथ खाद्य प्रसंस्करण के लिए आधुनिक अवसंरचना सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें प्राथमिक प्रसंस्करण केन्द्रों (पीपीसी) और संग्रह केन्द्रों (सीसी) के रूप में खेत के पास प्राथमिक प्रसंकरण और भंडारण के लिए अवसंरचना का निर्माण और केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में सामान्य सुविधाएं और सक्षम अवसंरचना का निर्माण शामिल है। सीपीसी स्थित प्रसंस्करण इकाइयों को कच्चा माल प्रदान करने के लिए ये पीपीसी और सीसी एकत्रीकरण और भंडारण बिंदु के रूप में कार्य करते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से, एमएफपी के अंदर प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा कच्चे माल की सोर्सिंग और किसानों की उपज के मूल्य संवर्धन से किसानों की आय में वृद्धि होती है। वे मूल्य संवर्धन और अपनी उपज के शेल्फ लाइफ को बढ़ाने के लिए एमएफपी द्वारा बनाई गई छंटाई, ग्रेडिंग और भंडारण सुविधाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। ऐसे प्रसंस्करण क्लस्टरों का विकास उत्पादन प्रणाली में नवीनतम प्रौद्योगिकी अपनाने और किसानों को बेहतर लाभ दिलाने में भी मदद करेगा।

मेगा फूड पार्कों में शीतगृह, गोदाम, सामान्य प्रसंस्करण सुविधाएं आदि जैसी सामान्य सुविधाएं होती हैं, इसके अलावा सड़क, बिजली और जलापूर्ति आदि जैसी सक्षम अवसंरचना भी होती है, जिसका उपयोग किसानों/ लघु खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों द्वारा किया जा सकता है , जिससे पूंजीगत लागत को कम करने और परियोजना की व्यवहार्यता बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

*****

*अनुबंध*

**दिनांक 13 फरवरी, 2025 को उत्तर हेतु "मेगा फूड पार्क और उन्नत खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1460 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**<u>24 चालू मेगा फूड पार्कों की स्थिति (31.01.2025 तक)</u>**

| क्र. सं. | एसपीवी/आईए का नाम | ज़िला | राज्य/ केन्द्र शासित प्रदेश | स्थिति | अंतिम स्वीकृति की तिथि | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | स्वीकृत अनुदान राशि (करोड़ रुपये में) | जारी अनुदान राशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोदावरी मेगा एक्वा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | पश्चिमी गोदावरी | आंध्र प्रदेश | चालू | 16-दिसंबर-2013 | 122.6 | 50 | 44.53 |
| 2 | श्रीनि फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | चित्तूर | आंध्र प्रदेश | चालू | 30-मार्च-2009 | 121.1 | 49.92 | 49.92 |
| 3 | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड | नलबाड़ी | असम | चालू | 30-मार्च-2009 | 84.96 | 48.84 | 48.84 |
| 4 | इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | रायपुर | छत्तीसगढ | चालू | 4-जून-2014 | 96.58 | 43.96 | 39.57 |
| 5 | गुजरात एग्रो इंफ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | सूरत | गुजरात | चालू | 22-मई-2014 | 121.86 | 50 | 45 |
| 6 | हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) | सोनीपत | हरियाणा | चालू | 6-नवंबर-2015 | 155.58 | 44.94 | 33.85 |
| 7 | क्रेमिका फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | ऊना | हिमाचल प्रदेश | चालू | 6 अगस्त 2014 | 107.34 | 50 | 45 |
| 8 | इंटीग्रेटेड फूड पार्क लिमिटेड | तुमकुर | कर्नाटक | चालू | 29-मार्च-2011 | 144.33 | 48.72 | 48.72 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (केएसआईडीसी) | अलपुझा | केरल | चालू | 27-नवंबर-2015 | 129.15 | 50 | 37.8 |
| 10 | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (किन्फ्रा) | पलक्कड़ | केरल | चालू | 27-नवंबर-2015 | 105.39 | 50 | 50 |
| 11 | अवंती मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | देवास | मध्य प्रदेश | चालू | 31-दिसंबर-2015 | 146.07 | 50 | 40 |
| 12 | इंडस मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | खरगोन | मध्य प्रदेश | चालू | 27 अगस्त 2012 | 131.28 | 49.37 | 49.37 |
| 13 | सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | सतारा | महाराष्ट्र | चालू | 6 अगस्त 2014 | 139.33 | 50 | 45 |
| 14 | पैठन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | औरंगाबाद | महाराष्ट्र | चालू | 8-मार्च-2013 | 124.52 | 48.82 | 43.94 |
| 15 | ज़ोरम मेगा फ़ूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | कोलासिब | मिजोरम | चालू | 10-जून-2015 | 75.2 | 50 | 44.62 |
| 16 | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लिमिटेड | रायगढ़ | ओडिशा | चालू | 16-अप्रैल-2012 | 87.88 | 45.94 | 44.95 |
| 17 | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | फाजिल्का | पंजाब | चालू | 25-मई-2011 | 130.38 | 50 | 45 |
| 18 | सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रा लिमिटेड | कपूरथला | पंजाब | चालू | 6-नवंबर-2015 | 107.83 | 48.7 | 38.76 |
| 19 | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | अजमेर | राजस्थान | चालू | 19-फरवरी-2014 | 110.35 | 49.88 | 44.9 |
| 20 | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | निजामाबाद | तेलंगाना | चालू | 10-जून-2015 | 108.95 | 50 | 44.99 |
| 21 | सिकरिया मेगा फूड पार्क (पी) लिमिटेड | पश्चिमी त्रिपुरा | त्रिपुरा | चालू | 30-नवंबर-2011 | 77.79 | 48.39 | 45 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | हरिद्वार | उत्तराखंड | चालू | 30-मार्च-2009 | 95.08 | 50 | 50 |
| 23 | हिमालयन फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उधम सिंह नगर | उत्तराखंड | चालू | 23-जनवरी-2014 | 122.54 | 47.7921 | 47.79 |
| 24 | जंगीपुर बंगाल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | मुर्शिदाबाद | पश्चिम बंगाल | चालू | 16-मार्च-2010 | 132.7 | 50 | 45 |
| **कुल** | | | | | | **2778.79** | **1175.27** | **1072.55** |

*****